हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त, 2025

13 कर मुक्त व्यापार समझौता के खिलाफ 13...



13 तकनीक का सद्उपयोग करें, नशे की संस्कृति से...



**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में एनसीबी नारकोटिक्स की टीम ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने बारे प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मदन मलिक ने कहा कि हमें नशों से दूर रहना चाहिए, नशा हमारा समूल नाश कर देता है। परिवार में कलह, झगड़ा और दूर्दशा नशे के कारण होती है। हिंदी प्रवक्ता चमन भारतीय ने कहा कि नशा समाज के लिए बहुत ही घातक है, यह दीमक के समान है, जो शरीर को खोखला कर देता है। आज हमारी युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति और शिक्षा के

### पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष जारी रहेगा

**सिरसा।** राजकीय हाविद्यालय में कैंटीन की शुरुआत के मौके पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत प्राचार्य द्वारा सबसे पहले बेल पत्र का पौधा लगाकर की की गई। महाविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी प्रो. प्रवीण कुमार ने बताया की फिलहाल महाविद्यालय में सत्र 2025-26 बीए, बी कॉम, बीएससी तृतीय वर्ष की कक्षाएं शुरू हो चुकी है। एमए हिंदी में दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी हो चुकी है।

### अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई का गठन

**सिरसा।** अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रभारी पुनीत बंसल ने बताया कि समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल व जिलाध्यक्ष ललित बांसल ने शिवा बंसल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा लविस बंसल व शुभम गर्ग खेतड़वाला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष राघव बंसल व दीपेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, लोकेश गोयल चिड़ावाला आदि रहे।

### मुआवजे को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**चोपटा।** मानसून की अधिक बरसात से सेमग्रस्त ऐलनाबाद हलका के कई गांवों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इस पर ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने बारिश से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाने व क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मुख्यमंत्री नायब सैनी मांग की है। भरत सिंह बैनीवाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। भरत सिंह बैनीवाल ने बताया कि ऐलनाबाद हलका में भारी बरसात से खेतों में जलभराव हो गया है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सीआईए रतिया एवं एंटी बर्गलरी स्टाफ फतेहाबाद की संयुक्त टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया-कम-एवीटी व एंटी बर्गलरी टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि टीम द्वारा थाना अग्रोहा, जिला हिसार में 15 मई को दर्ज मामले में वांछित आरोपी मुकेश कुमार पुत्र कल्याण सिंह निवासी मोहम्मदपुर रोही, जिला फतेहाबाद को एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया।

### महिला कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा के हिंदी विभाग की छात्राओं ने यूजीसी-एनईटी परीक्षा जून 2025 में सफलता हासिल की है। इनमें प्रियंका ने नेट फॉर असिस्टेंट प्रोफसर उत्तीर्ण किया है, सकीना, सुमन, मोनिका व योगिता ने नेट फॉर एडमिशन टू पीएच.डी की परीक्षा उत्तीर्ण की है।बताया कि ललिता ने जेआरएफ करने के उपरांत हिंदी विभाग में पीएच.डी हेतु प्रवेश लेकर नाम रोशन किया।

## पेयजल और बिजली संकट से जनता परेशान

# जलघर में पानी भरने से दूषित पेयजल सप्लाई, ग्रामीणों ने लगाया जाम

ग्रामीण सड़क के बीचों-बीच धरना देकर बैठ गए और यह जाम करीब एक घंटे तक चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बरसात के बाद हिसार रोड पर नेशनल हाईवे 9 पर स्थित गांव खाराखेड़ी में जलभराव हो गया। इतना ही नहीं बरसाती पानी गांव के जलघर में जाने लगा और जलघर ओवरफ्लो हो गया। जलघर में पानी भरने के बाद गांव में सप्लाई होने वाले पेयजल में भी दूषित पानी जाने लगा। दूषित पेयजल आने से दुःखी ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर को हाइवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीण सडक़ के बीचों-बीच धरना देकर बैठ गए। करीब एक घंटे लगे जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही सदर फतेहाबाद थाना प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन देकर शांत करवाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने हाइवे से जाम खोल दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे गांव के सरपंच संजय कुमार व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नया वाटर वर्क्स बन रहा है, जिसकी तय समय अवधि बीत चुकी है। फिर भी विभागीय अधिकारी ठेकेदार के टेंडर को एक्सटेंशन दे रहे हैं। अब तो पेयजल सप्लाई के लिए लगाई गई मोटरों के कमरों में भी पानी भर चुका है।



फतेहाबाद। नेशनल हाइवे पर जाम लगाते खाराखेड़ी के ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

#### ठेकेदार पर लगाई काम में देरी का आरोप

अगर ठेकेदार जल्दी निर्माण कार्य पूरा करे तो ही समस्या का समाधान होगा। अब भारी बारिश के कारण टैंकों तक में गंदा पानी भर गया है। इस कारण घरों में दूषित पेयजल सप्लाई आ रही है। इसको लेकर वह कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन अधिकारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे। आखिरकार उन्हें परेशान आज होकर रोड जाम करना पड़ा है। हाईवे जाम करने की सूचना पर ग्रामीणों के बीच पहुंचे जेई पंकज कुमार व पुलिस अधिकारियों ने पब्लिक हेल्थ विभाग के उच्चाधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने मोटर लगाकर जलभराव खत्म करने और सही तरीके से पेयजल सप्लाई दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर फिर भी समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा हाईवे जाम कर देंगे। सरपंच संजय कुमार, ग्रामीण महेंद्र सिंह, नरेश कुमार, राजेंद्र कुमार आदि रहे।



सिरसा। बिजलीघर में धरना देते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

### पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

**सिरसा।** जिला के बड़ागुढ़ा गांव में 24 घंटे बिजली सप्लाई मांग को लेकर शुक्रवार को 33 केवी सब स्टेशन बड़ागुढ़ा में ग्रामीणों ने इकठ्ठा होकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में पूर्व सरपंच जसवीर सिंह, गुरदेव सिंह पूर्व सरपंच, मोहन सिंह पूर्व सरपंच, इकबाल मैंबर, राजवीर मैंबर, दलवीर सिंह, धर्मवीर, इकबाल सिंह, काला सिंह आदि ने सब यूनिट बिजली घर बड़ागुढ़ा में गाँव में 24 घंटे बिजली सप्लाई दुरुस्त करने की मांग को लेकर 11 से 3 बजे धरना प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में बिजली घर के होते हुए भी उन्हें यह 24 घंटे बिजली सप्लाई सुविधा से बंचित रखा जा रहा है जबकि पास ही अन्य गांव में यह सुविधा निरंतर जारी है। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों द्वारा की गई नारेबाजी और बढ़ते आक्रोश के बाद सूचना पाकर पंजुआना सब स्टेशन से एसडीओ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपे गए अपने मांग पत्र में बताया कि गांव 40 से अधिक गांवों के ब्लॉक गांव बड़ागुढ़ा बिजली सप्लाई सुचारू रूप से दी जानी चाहिए। बड़ागुढ़ा गांव में 33 के वी सब स्टेशन बना हुआ है परन्तु गांव को इसका कोई फायदा नही है उलटा गांव में बिजली सप्लाई रहती ही नहीं है और हर दिन बड़े-बड़े कट लगते है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में बाईक चोरी के मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

## पुलिस ने बाइक चोरी में दो आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

- चोरों के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई

अपराध नियंत्रण अभियान के तहत भट्टू कलां पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। गांव बनगांव में एक घर के बाहर से चोरी हुई बाइक के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है।

उनके कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान संजीव उर्फ साहिल पुत्र रोहताश और विष्णु पुत्र रणवीर सिंह निवासी गांव बनगांव के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पहले भी विभिन्न थानों में दर्ज कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। उनके विरुद्ध 5-5 मामले पहले से दर्ज हैं। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि इस संबंध में सतनाम सिंह पुत्र सुंदर सिंह निवासी गांव बनगांव की शिकायत पर थाना भट्टूकलां में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, लेकिन कुछ समय बाद लौटने पर देखा कि बाइक चोरी हो चुकी थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चुराई गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से आरोपियों की पहचान कर उन्हें काबू करने में सफलता प्राप्त की।

## सोशल मीडिया को लेकर सख्त एडवाइजरी

- सोशल मीडिया पर भ्रामक और उकसाऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में, सोशल मीडिया पर भ्रामक और उकसाऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। फपुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व व्हाटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स का दुरुपयोग कर अफवाहें फैला रहे हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में फर्जी समाचार, साम्प्रदायिक पोस्ट, वीडियो क्लिप या उत्तेजक सामग्री साझा करना अब कड़ी निगरानी के दायरे में आ चुका है। फतेहाबाद पुलिस की साइबर टीम चौबीसों घंटे ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखे हुए है। यदि कोई व्यक्ति समाज में भ्रम, भय या तनाव उत्पन्न करने वाली पोस्ट करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध आईटी एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध, भ्रामक या भडक़ाऊ सामग्री को बिना सत्यापन के आगे न बढ़ाएं। यदि इस प्रकार की कोई पोस्ट प्राप्त हो, तो तुरंत नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें। सोशल मीडिया पर जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करते हुए संयम बरतें और जिले की शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।



एसपी सिद्धांत जैन।

### 13 नशा पीड़ितों को दी गई चिकित्सा सहायता

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में फतेहाबाद टीम ने गांव घासवा में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर स्थानीय नागरिकों को नशे के खतरों के प्रति जागरूक किया। जनसंवाद के दौरान पुलिस टीम ने गांव में 9 ड्रग पीड़ितों की पहचान की और उन्हें मौके पर ही काउंसलिंग के साथ-साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध कराया। साथ ही, गांव खाबड़ा कलां में पूर्व में चिन्हित 4 पीड़ितों को भी फॉलोअप काउंसलिंग दी गई और आवश्यक दवाएं पहुंचाई गईं। इसके अतिरिक्त टीम ने गांव चिम्मो, चंदों कलां और चंदों खुर्द का भी निरीक्षण किया, जहां वर्तमान में कोई नशा पीड़ित व्यक्ति नहीं पाया गया।

## सीआईए टोहाना पुलिस ने रतिया शहर में नशीली गोलियों सहित युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

सीआईए टोहाना पुलिस ने रतिया क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान अश्विनी उर्फ आशु पुत्र मिलखी राम निवासी वार्ड नं. 13, रतिया के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम पीएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब रतिया बस स्टैण्ड के पास पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि अश्विनी उर्फ आशु नामक युवक नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह बस स्टैण्ड रतिया के सामने वाली गली में रहकर आते-जाते नशेडिय़ों को नशीली गोलियां बेचता है। आशु अभी बस स्टैण्ड के सामने 22 फुटी गली डेजी कालोनी में नशीली गोलियां बेचने के लिए ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम डेजी कालोनी में पहुंची तो एक युवक पिकअप गाड़ी के पास खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और गाड़ी में बैठने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अश्विनी उर्फ आशु बताया। सूचना मिलते ही डीएसपी रतिया नर सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 120 नशीली गोलियां बरामद हुई।




फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में नशीली दवाओं सहित पकड़ा गया युवक। *फोटो: हरिभूमि*

## कलेक्टर रेटों में बेतहाशा वृद्धि, घर बनाना मुश्किल

### भाजपा सरकार पर किया तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

- राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कलेक्टर रेट में 25 से लेकर 117 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है, जो परेशानी का सबब बन गई

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि नए कलेक्टर रेट लागू होने से आम आदमी के लिए प्रोपर्टी खरीदना मुश्किल हो गया है। यह सब भाजपा सरकार की कुनीतियों की देन है। शुक्रवार को एक प्रेस बयान में राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कलेक्टर रेट में 25 से लेकर 117 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। कलेक्टर रेट में की गई इस बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी की आर्थिक रूप से कमर टूटना तय है। उन्होंने कहा कि पहले ही मंहगाई के इस दौर में आम आदमी जैसे तैसे अपना जीवन बसर कर रहा है। जिसके पास खुद का घर नहीं है, वह पाई पाई जोडक़र यही सपना देखता है कि एक दिन उसका भी आशियाना बनेगा, मगर भाजपा सरकार नहीं चाहती कि आम आदमी के घर का सपना साकार हो। शर्मा ने कहा कि कलेक्टर रेट बढ़ाने की बजाए सरकार को चाहिए था कि वह विभिन्न विभागों में खुलेआम जारी भ्रष्टाचार पर प्रभावी ढंग से नकेल कसती। विकास कार्यों के लिए भेजा गया पैसा डकारने वाले अधिकारियों व ठेकेदारों से रिकवरी करती, तो सरकार को जनता पर आर्थिक बोझ डालने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को जमीनी स्तर पर इस बात का पता ही नहीं कि आम जनमानस कितने मुश्किल दौर से गुजर रहा है। अब सरकार ने कलेक्टर रेट बढ़ाकर जनता की परेशानी और बढ़ा दी है। इसके लिए जनता सरकार को कतई माफ नहीं करेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि पहले नोटबंदी, फिर जीएसटी, काले कृषि कानून आदि सरकार की हरेक नीति ने जनता को गहरे जख्म दिए हैं।

भाजपा के इन 11 सालों के शासन में प्रदेश बहुत पीछे चला गया है। शर्मा ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि नए कलेक्टर रेट आज 1 अगस्त से लागू हुए हैं और तहसीलों में 3 दिन पहले ही रजिस्ट्रियां बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के झूठे व तानाशाही शासन का अंत नजदीक आ गया है।

### ट्रांसपोर्ट से चोरी की गुत्थी सुलझी, आरोपी दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने शहर के भादरा बाजार स्थित दुकान में हुई चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए शहर क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूर्ण शर्मा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है और भादरा बाजार में उसकी दुकान है। दुकान से अज्ञात व्यक्ति रिक्शा पर सवार हो दो कार्टून चुरा ले गए जिनमें फ्रिज कंप्रेसर और पंखे थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच करते हुए आज महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए शहर क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सामान भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ कर चोरी की अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में रवि नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आज आरोपी रवि को शहर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### रानियां में चोरों का आतंक, चार दुकानों के तोड़े ताले

**रानियां।** शहर में चोरों ने खूब आतंक मचाया और एक साथ चार दुकानों के ताले तोडक़र नकदी व सामान चुरा लिया। बेखौफ चोरों ने पुलिस थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर ही मेडिकल स्टोर को निशाना बनाया। सुबह दुकानदारों को घटना का पता चला तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। स्थानीय दुकानदारों ने शुक्रवार को बताया कि चोरों ने पुलिस थाना के निकट सौरव मेडिकल स्टोर सबसे पहले अपना निशाना बनाया। इसके बाद डीएन इंटरप्राइजेज से लैपटॉप चुरा लिया गया, जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। राजू मेडिकोज से भी गल्ले में रखी नकदी और सामान चोरी कर ले गए। इस घटना के बाद चोरों ने भगत सिंह चौक के नजदीक सिंगला स्वीट्स को निशाना बनाया। दुकान के ताले तोडक़र कुछ नकदी व सामान चुरा कर ले गए। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रानियां पुलिस थाने से 2 किलोमीटर दूर रामपुर थेड़ी में एक व्यक्ति के घर से लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। साथ ही पास की टाइल फैक्ट्री से भी नकदी और एसी चुरा लिया गया। इन घटनाओं से शहर और ग्रामीण इलाके के लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। दोनों पहले की घटनाओं में अभी तक कोई सफलता हासिल नहीं हुई है। शहर वासियों का कहना है कि रानियां क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है, जिससे शहरवासी सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि शहर में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए ताकि चोरी, छीना झपटी जैसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। शहरवासियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी रोष है।

## पूर्व वित्त मंत्री संपत सिंह पत्रकारों से हुए रूबरू

# सीडीएलयू का अस्तित्व खतरे में: प्रो. संपत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह ने कहा कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा (सीडीएलयू) दीर्घकालीन उपेक्षा और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण बंद होने के कगार पर है। सिरसा के कांग्रेस भवन में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. संपत सिंह ने कहा कि इसकी स्थापना 2003 में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवी लाल की याद में हरियाणा के सबसे शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्र में किफायती और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य के लिए की गई थी। हालांकि, विश्वविद्यालय चालू वित्तीय वर्ष मे 155.29 करोड़ रुपये के भारी बजट घाटे से जूझ रहा है। ट्यूशन फीस में वृद्धि और 27 करोड़ रुपये का राज्य ऋण के बावजूद कुल राजस्व केवल 59.20 करोड़ रुपये ही रहेगा। यह बुनियादी परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त होगा। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल अनुमानित पूंजीगत और आवर्ती व्यय 193.81 करोड़ रुपये रखा गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का अस्तित्व ही खतरे में है और कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। इसके बावजूद घाटा समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय संकट के बावजूद पिछले एक दशक में आउटसोर्सिंग एजेंसी के जरिये बिना किसी पारदर्शिता के 535 अकुशल व्यक्तियों को काम पर रखा गया, जबकि आज तक 99 महत्वपूर्ण कुशल गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पद खाली है। बाद में उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया गया। चालू वित्त वर्ष में इनसे सीडीएलयू पर 21.34 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।



मीडिया से मुखातिब होते पूर्व वित्त मंत्री संपत सिंह।

#### धन के अभाव में सिस्टम फेल

प्रो. संपत सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को बचाए रखने के लिए, 46.38 करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि को खर्च कर दिया गया जो मूल रूप से पेंशन और बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित थी। पिछले तीन वर्षों से केंद्रीय या राज्य की वित्त पोषण एजेंसियों से भी कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली है और शोध कार्य में गिरावट आई है। वर्ष 2023 में 9.80 करोड़ रुपये की लागत से 20 कमरों और आधुनिक प्रयोगशालाओं वाला एक नया आईटी और कंप्यूटर केंद्र, संचालन के लिए, धन की कमी के कारण अब बेकार पड़ा है। उन्होंने हरियाणा सरकार से इस प्रतिष्ठित प्रमुख विश्वविद्यालय को बचाने के लिए तत्काल 50 करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष के शेष समय में 100 करोड़ रुपये दिए जाने के लिए कहा।


एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।


बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती हैं।

# इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स कर बनाएं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करना व इवेंट मैनेजमेंट के पोस्ट पर चयनित होना हर विद्यार्थी के लिए खुशी का पल माना जाता है। हर विद्यार्थी का करियर में सफल होने का सपना होता है। हर विद्यार्थी जाता है। कि वह आगे बढ़कर एक सफल करियर में प्रवेश करें। विद्यार्थी अपने करियर को सफल बनाने के लिए कई प्रकार की डिग्री व डिप्लोमा का सहारा लेता है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद अलग-अलग प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा विद्यार्थी के सामने उपलब्ध होते हैं। डिग्री और डिप्लोमा बहुत सारे होते हैं। जिसमें इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। आज के आर्टिकल में हम इस कोर्स की जानकारी देंगे।

## इवेंट मैनेजमेंट कोर्स क्या है

किसी भी शादी व पार्टी के लिए इवेंट को मैनेजमेंट करने वाला व्यक्ति इवेंट मैनेजर कहलाता है। इवेंट मैनेजमेंट करने से पहले विद्यार्थी के पास इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इवेंट मैनेजमेंट कोर्स एक प्रकार का डिप्लोमा कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात हासिल कर सकता है। सनातन की डिग्री के साथ साथ भी विद्यार्थी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को कर सकता है और अपने कैरियर को बना सकता है। आज के समय में सबसे लोकप्रिय डिप्लोमा में इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। हर विद्यार्थी इस कोर्स में अधिक रुचि रखता है। इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा कोर्स 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है। जिसको पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट मिल जाता है।

## ऐसे बना सकते हैं करियर

इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी अपना करियर आसानी से बना सकता है। अगर विद्यार्थी को समारोह या किसी भी फंक्शन की प्लानिंग करने में बेहतरीन रुचि है। तो विद्यार्थी को यह डिप्लोमा करके अपने करियर को यहीं पर सफल बना देना है। किसी भी कार्यक्रम का आयोजन होने से पहले कार्यक्रम के आयोजन कर्ता इवेंट मैनेजर से मिलते हैं और इवेंट के बारे में पूरी प्लानिंग करते हैं। ऐसे में यदि आप भी इवेंट मैनेजर बन जाते हैं। तो आप भी अपना कैरियर इस क्षेत्र में सफल कर सकता है। यदि आप भी इवेंट मैनेजर बनने का सपना देख रहे हैं तो आप इवेंट मैनेजमेंट की डिग्री व डिप्लोमा को सबसे पहले कंप्लीट करना होगा। और उसके पश्चात ही आपको इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। हालांकि यहां डिग्री व डिप्लोमा के साथ-साथ आपके माइंड की स्किल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं।

## इन चरणों को फॉलो करना होगा

- सर्वप्रथम विद्यार्थी को 12वीं पास करना होगा।
- 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात विद्यार्थी अपने नजदीकी किसी भी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स उपलब्ध करवाने वाली कॉलेज में जाकर अपने एडमिशन के लिए एप्लीकेशन जमा कर सकता है।
- जब आप एडमिशन के लिए जाते हैं। तो कई ऐसे कॉलेज मौजूद है, जहां पर आपको एडमिशन से पहले एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होगा।
- एंट्रेंस एग्जाम पास करने के पश्चात ही आप को एडमिशन दिया जाएगा।
- कई ऐसे कॉलेज है, जो आपको 12वीं के अंकों के आधार पर भी एडमिशन उपलब्ध करवा देते हैं।
- अलग-अलग चरणों के माध्यम से एडमिशन मिलने के पश्चात आपको अपने आवेदन फीस के साथ एडमिशन को कंफर्म कर लेना है।
- अब विद्यार्थी को 2 वर्ष के इस डिप्लोमा को पूरा करना है और इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट हासिल करना है।

## आगे बढ़ने के ढेर सारे मौके

### करियर स्कोप

जब कोई भी विद्यार्थी किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स को पूरा करता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी के दिमाग में एक ही सवाल उत्पन्न होता है कि इस कोर्स को करने के पश्चात मेरे लिए भविष्य में कौन-कौन से करियर के स्कोर पर मौजूद होंगे। इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स करने वाले विद्यार्थी को नाम से ही पता चल जाता है, कि करियर के स्कोप के तौर पर उसे इवेंट मैनेजर का काम करना होगा। लेकिन इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा के पश्चात कौन-कौन से अन्य करियर स्कोप मौजूद होते हैं।

**कोर्स फीस :** विद्यार्थी किसी भी डिप्लोमा कोर्स या डिग्री लेने से पहले उस कोर्स को करने में कितनी फीस लगेगी इसके बारे में आकलन लगाना पसंद करता है। क्योंकि हर विद्यार्थी अमीर परिवार से नहीं होता है। हर विद्यार्थी अपने अपने स्टैंडर्ड के हिसाब से ही डिग्री और डिप्लोमा लेने के बारे में सोचता है। इस कोर्स को करने के लिए सरकारी कॉलेज में 20000 रुपये तक का प्रतिवर्ष खर्चा आता है तो प्राइवेट कॉलेज में इस डिप्लोमा को करने का 100000 रुपये प्रति वर्ष तक खर्चा आता है और कई ऐसे प्राइवेट कॉलेज है। जहां इससे भी अधिक फीस आपको देनी पड़ती है।

### यहां मिलता रोजगार

- शादी
- समारोह
- अवॉर्ड समारोह
- टीवी शो
- म्यूजिक लॉन्च
- म्यूजिक समारोह
- फिल्म अवॉर्ड
- फैशन शो
- थीम पार्टी
- प्रदर्शनी
- कोरपोरेट सेमिनार
- बर्थडे पार्टी समारोह

### मिलते बहुत सारे विकल्प

जब विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करके इवेंट मैनेजमेंट कोर्स के लिए आगे बढ़ता है। तो विद्यार्थी के सामने बहुत सारे विकल्प खड़े हो जाते हैं। जिसमें से किसी भी एक कोर्स का चयन करके विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को पूरा करना होता है। इवेंट मैनेजमेंट के कौन कौन से कोर्स है।

**सर्टिफिकेट कोर्स इन इवेंट मैनेजमेंट**
**डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट**
**पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड इवेंट मैनेजमेंट**
**बेचलर इन इवेंट मैनेजमेंट, बीएससी इन इवेंट मैनेजमेंट, बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट, बीए इन इवेंट मैनेजमेंट, मास्टर इन इवेंट मैनेजमेंट, एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट**

## देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।



## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर



### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।



### शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

### इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

- लिखित परीक्षा
- फिटनेस टेस्ट
- मेडिकल चेकअप

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# वर्तमान परिदृश्य में छात्रों के लिए समय का प्रभावी उपयोग करना बेहद जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय, वह दौर है जो न केवल चुनौतियों से भरा है, बल्कि अनगिनत अवसरों का खजाना भी लेकर आया है। डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों ने छात्रों के लिए नए रास्ते खोले हैं। लेकिन इसके साथ ही, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भविष्य की अनिश्चितता और पढ़ाई का दबाव भी सामने आया है। ऐसे में, यह समय छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें, अपने सपनों को पंख दें और अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ें। यह लेख उन सभी छात्रों के लिए है जो इस परिदृश्य को समझकर समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहते हैं और हर परिस्थिति में प्रेरित रहना चाहते हैं। समय एक ऐसी संपत्ति है जो कभी वापस नहीं आती, और छात्र जीवन वह दौर है जब आप इस संपत्ति को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं।

## डिजिटल युग ने शिक्षा को अधिक सुलभ बनाया

आइए, जानें कि इस समय का प्रभावी उपयोग कैसे करें और प्रेरणा की आग को कैसे जलाए रखें। सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि वर्तमान परिदृश्य को एक चुनौती के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। डिजिटल युग ने शिक्षा को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। यूट्यूब, कोर्सेरा, खान एकेडमी जैसे मंच मुफ्त या किफायती कोर्स प्रदान करते हैं, जिनके माध्यम से आप प्रोग्रामिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, या कोई अन्य कौशल सीख सकते हैं। ये कौशल न केवल आपके करियर को नई दिशा देंगे, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी प्रदान करेंगे। इसके लिए एक लक्ष्य-आधारित योजना बनाना जरूरी है। अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को छोटे-छोटे दैनिक लक्ष्यों में तोड़ें। उदाहरण के लिए, यदि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं, तो रोजाना 1-2 घंटे किसी कठिन विषय को समर्पित करें। एक टाइम-टेबल बनाएँ, जिसमें पढ़ाई, कौशल विकास, और आत्म-देखभाल के लिए समय हो। इस अनुशासित दिनचर्या से आप समय की बर्बादी से बचेंगे और अपने लक्ष्यों के करीब पहुंचेंगे। लेकिन ध्यान रहे, सोशल मीडिया और अनावश्यक स्क्रॉलिंग समय के सबसे बड़े चोर हैं। अपने फोन पर स्क्रीन टाइम लिमिट सेट करें और पढ़ाई के दौरान नोटिफिकेशन बंद रखें। प्रेरणा वह शक्ति है जो आपको कठिनाइयों के बीच भी आगे बढ़ने का हौसला देती है। लेकिन प्रेरणा को बनाए रखना आसान नहीं है, खासकर तब जब असफलताएँ, तनाव, या नकारात्मक विचार आपके रास्ते में आएँ। प्रेरित रहने का पहला कदम है अपने ₹क्यों₹ को स्पष्ट करना। आप पढ़ाई क्यों कर रहे हैं? शायद आप अपने परिवार को गर्व महसूस कराना चाहते हैं, या एक बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। इस ₹क्यों₹ को एक कागज़ पर लिखें और अपनी स्टडी टेबल पर चिपकाएँ। यह आपको हर दिन याद दिलाएगा कि आपका लक्ष्य कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएँ। एक कठिन चैप्टर पूरा किया? एक नया कॉन्सेप्ट समझा? खुद को शाबाशी दें यह छोटी जीत आत्मविश्वास की नींव बनाती हैं। प्रेरक स्रोतों से भी जुड़ें। स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़ें, प्रेरक पॉडकास्ट सुनें, या यूट्यूब पर प्रेरणादायक वीडियो देखें। स्वामी विवेकानंद का यह कथन हमेशा याद रखें: ₹उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। साथ ही, अपने आसपास सकारात्मक माहौल बनाएँ।

## नकारात्मक लोगों से दूरी रखें

नकारात्मक लोगों से दूरी रखें और उन दोस्तों, शिक्षकों, या ऑनलाइन समुदायों से जुड़ें जो आपको प्रोत्साहित करें। चुनौतियां हर किसी के जीवन का हिस्सा हैं, और वर्तमान समय में ये चुनौतियाँ और भी जटिल हो सकती हैं। परीक्षा का दबाव, आर्थिक अनिश्चितता, या भविष्य की चिंता आपको विचलित कर सकती है। लेकिन इनका सामना करने के लिए आपको तनाव प्रबंधन की कला सीखनी होगी। रोज़ाना 5-10 मिनट ध्यान (मेडिटेशन) करें, गहरी सांस लें, या योग का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखेगा और प्रेरणा को बनाए रखेगा। सकारात्मक आत्म-चर्चा भी एक शक्तिशाली हथियार है। मैं यह नहीं कर सकता की जगह कहें, मैं इसे सीख लूंगा। असफलता को डर के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक शिक्षक के रूप में अपनाएं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आप भी हर बार गिरकर उठने की हिम्मत रखें। इसके अलावा, पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट का ब्रेक आपके दिमाग को तरोताज़ा रखेगा। स्वास्थ्य को कभी नज़रअंदाज़ न करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और मन ही प्रेरणा का आधार हैं। रोज़ाना 20-30 मिनट व्यायाम करें, चाहे वह टहलना हो, योग हो, या कोई खेल। संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। नींद की कमी आपके फोकस और प्रेरणा को कम कर सकती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** इलेक्ट्रॉन के तरंग प्रकृति की खोज किसने की थी
(ए) थॉमसन
(बी) डी ब्रोग्ली
(सी) रदरफोर्ड
(डी) बोहर

**2.** तत्व के सबसे छोटे भाग को क्या कहते हैं
(ए) परमाणु
(बी) इलेक्ट्रॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) प्रोटॉन

**3.** डॉल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार कौन सा सबसे छोटा कण स्वतन्त्र रूप से रह सकता है
(ए) अणु
(बी) परमाणु
(सी) धनायन
(डी) ऋणायन

**4.** किसी परमाणु का रासायनिक व्यवहार निर्भर करता है, उसके -
(ए) न्यूक्लियस में प्रोटानो की संख्या पर
(बी) न्यूक्लियस में न्युट्रानो की संख्या पर
(सी) न्यूक्लियस के गिर्द घुम रहे इलेक्ट्रॉनो की संख्या पर
(डी) न्यूक्लियस में न्युक्लियनो की संख्या पर

**5.** द्रव्यमान संख्या' किसका योग है ?
(ए) केवल प्रोटान
(बी) इलेक्ट्रॉन और प्रोटान
(सी) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रान
(डी) प्रोटान और न्यूट्रान

**6.** किसी परमाणु के द्रव्यमान और द्रव्यमान संख्या के अंतर को कहते हैं
(ए) परमाणु क्रमांक
(बी) परमाणु संख्या
(सी) द्रव्यमान क्षति
(डी) इलेट्रॉनों की संख्या

**7.** किस न्यूक्लियर कण में कोई द्रव्यमान और आवेश नही होता ,किन्तु प्रचक्रण होता है
(ए) इलेक्ट्रॉन
(बी) प्रोटॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) मेसॉन

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### राजा हरिश्चंद्र के जीवन पर आधारित नाटक मंचन 3 को

**टोहाना।** आचार्य भिक्षु के 300वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में साध्वी जयंत प्रज्ञा एवं सम्मति प्रज्ञा के सानिध्य में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा क्षरा बाल कलाकारों के लिए सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र के जीवन पर आधारित नाटक मंचन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सभा अध्यक्ष विजय कुमार जैन एवं मंत्री सुभाष जैन ने बताया कि रविवार 3 अगस्त को पुरानी सब्जी मंडी स्थित बड़ी हनुमान मूर्ति धर्मशाला में सांय 3 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार जैन मुख्य अतिथि तथा धारसूल मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन शीशपाल जैन विशिष्ट अतिथि होंगे।

### पौधारोपण के साथ हुआ महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**सिरसा।** सेवा भारती ने सेक्टर-19 में महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया। प्रांत उपाध्यक्ष अविनाश सचदेवा ने प्रांत में चल रहे सेवा कार्य और सेवा भारती के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे सिलाई बारे अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें, ताकि स्वावलंबी बनें।

### श्री बालाजी सेवा समिति ने लगाया भंडारा

**सिरसा।** श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा प्रभात पैलेस के निकट हर माह की अंतिम तारीख को लंगर-भंडारा लगाया जाता है। इसी कड़ी में प्रभात पैलेस के निकट समिति की ओर से भंडारा लगाया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। समिति सदस्यों सोनू बंसल, विजय सैनी, सुनील ढाका, अरविंद कासनियां, रामसिंह सैनी, बनवारी सैनी, शुभम कालड़ा, संजय गौड़, रिंकू शर्मा, बिल्लू मलिक, गौरव फुटेला, ईश्वर सैनी, रूलीराम गौड़, कृष्ण वर्मा ने बताया कि बहुत से ऐसे असहाय लोग हैं, जिन्हें दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं होता। समिति द्वारा इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रभात पैलेस के निकट हर माह की अंतिम तारीख को यहां लंगर-भंडारे का आयोजन किया जाता है, ताकि भूखे व असहाय लोगों को भरपेट भोजन मिल सके।



**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के नए सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ करते हुए।

### मेहनत से मुश्किल कार्य भी होते हैं सिद्धः बंसल

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में नए सत्र के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में हवन यज्ञ आयोजित किया गया। हवन यज्ञ का शुभारंभ श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट आरपी शर्मा व कार्यकारी अध्यक्ष नवीन केडिया ने किया। हवन यज्ञ का मंत्रोच्चारण श्री सनातन धर्म सभा के मंदिर के पुजारी हंसराज तथा सुरेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस हवन यज्ञ में महाविद्यालय के प्रधान सुरेंद्र बंसल एडवोकेट, उपप्रधान केके शर्मा, सचिव सुरेश वत्स, सहसचिव महेश भारती, सोमप्रकाश सेतिया, रमेश,

## संयुक्त किसान मोर्चा का ऐलान

# कर मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ 13 को होगा प्रदर्शन

■ प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी ट्रंप का फूंकेंगे पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एसडीएम को सीएम के नाम मांग पत्र सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

अमेरिका के साथ करमुक्त व्यापार समझौता न करने व अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 13 अगस्त को रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस दिन जिलेभर से किसान-मजदूर उपायुक्त कार्यालय के बाहर इकट्ठा होंगे और प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति टम्प का पुतला फूंका जाएगा। यह निर्णय संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक शुक्रवार को फतेहाबाद के उपायुक्त कार्यालय पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान यूनियन एकता उग्राहां जिला प्रधान निर्भय सिंह ने की।

मीटिंग में किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त, बीकेयू एकता उग्राहां राज्य सचिव अजय सिधानी, उतम सिंह तलवाड़ी, बंटी कासमपुर, बीकेयू घासीराम के जिला प्रधान लाभ सिंह, बीकेयू खेती बचाओ के जिला प्रधान राजिंद्र सिंह चहल, नछत्तर सिंह अयालकी, सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा, धर्मपाल जांडली खुर्द शामिल हुए।

बैठक के बाद एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। किसान नेता जगतार सिंह ने बताया कि संयुक्त मोर्चा ने 13 अगस्त को अमेरिका के साथ भारत सरकार द्वारा किसी भी तरह के कर मुक्त व्यापार समझौता न करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन के माध्यम से बिजली निजीकरण पर व प्रीपेड मीटर नीति रद्द करने, सभी परिवारों को हर माह 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बुढ़ापा पैंशन कम से कम 10 हजार प्रति माह करने, सी2 फार्मूला के तहत किसान की सभी फसलों की खरीद की गारंटी देने की भी मांग की जाएगी। इसके अलावा 26 नवंबर को किसान आंदोलन की 5वीं वर्षी पर भी संयुक्त मोर्चा द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो जाएंगी। ज्ञापन के माध्यम से जरूरत के समय खाद की समस्या के समाधान के लिए सभी किसानों को कोपरेटिव सोसाईटियों के माध्यम से अच्छी खाद, बीज व कीटनाशक देने, नए सदस्य बनाने, खाद विक्रेता प्राईवेट डीलरों को अपने पास रखे स्टाक को दरवाजे पर लगे बोर्ड पर दर्शाने के लिए पाबंद करने, हाल ही में चल रही बरसात में जलभराव की वजह से हुए फसल के नुकसान की तुरंत गिरदावरी करके 2022 व 2024 का भी बकाया मुआवजा तुरंत देने, निर्माण मजदूरों को सुविधाएं देने के लिए बंद किए गए भवन एवं कर्मकार कल्याण बोर्ड के पोर्टल को तुरंत खोलने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया।



**फतेहाबाद।** बरसीन में शहीद उधम सिंह व मुंशी प्रेमचंद की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# शहीद ऊधम सिंह और कथाकार मुंशी प्रेमचंद की स्मृति पर सरकारी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

*शहीद उधम सिंह और मुंशी प्रेमचंद को पढने की और आत्मसात करने की जरूरत : प्रिंसिपल सुनीता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस पर और हिंदी उर्दू साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद के जन्म दिवस के मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसीन में प्रातःकालीन सभा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, गीत, पेंटिंग्स आदि के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा निशा कुमारी ने बताया कि शहीद ऊधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड को अपनी आंखों से देखा था और संकल्प लिया कि निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लिया जाएगा। इतिहास गवाह है कि उधम सिंह ने 21 साल बाद लंदन के कॉक्सटन हॉल में माइकल ओ डायर को गोली मारकर बदला लिया। दसवीं कक्षा की छात्रा शिखा ने कहा कि शहीद उधम सिंह धार्मिक सद्भाव और सांझी सांप्रदायिक सौहार्द की विरासत के प्रतीक थे। जब अदालत में उनसे उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम राम मोहम्मद सिंह आजाद बताया। नौवीं कक्षा की छात्रा नेहा ने कहा कि कलम के सिपाही महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद उस समय लिख रहे थे जब भारत अंग्रेजों के अधीन था। अपनी लेखनी में उन्होंने भारत के ग्रामीण जीवन और उसके शोषण व संघर्ष को उकेरा है। रीना और रुस्ता ने बताया कि 'गोदान' उपन्यास के गरीब किसान 'होरी' को कौन भूल सकता है। अंग्रेजी शासन में अंधविश्वास और पाखंड से पीड़ित किसानों और मजदूरों की जो दुर्दशा थी, उसका बहुत ही सजीव चित्रण मुंशी प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से किया। आठवीं कक्षा की छात्रा गुडिय़ा ने कहा कि 100 साल पहले जब मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे और आज के हमारे समाज के बहुत बड़े तबके के हालात कोई बहुत नहीं बदले हैं।

#### आयोजन के दौरान ये रहे मौजूद

स्कूल प्रिंसिपल सुनीता देवी ने कहा कि हमारे शहीदों, लेखकों और विचारकों की विरासत सांझी है। इस देश को यहां तक लेकर आने में सभी धर्मों और जातियों के लोगों ने अपना बलिदान और योगदान दिया है। आज हम सबको हमारे विद्यार्थियों को शहीद उधम सिंह और मुंशी प्रेमचंद को पढने की और आत्मसात करने की जरूरत है। तभी हम आज भारतीय समाज में देश की विघटनकारी ताकतों को लगाम लगा सकते हैं और अंधविश्वास शोषण और पोंगापंथी के खिलाफ एकजुट हो सकते हैं। कार्यक्रम में सुनीता, परमिंदर कौर, आशारानी, कृष्णा, अनिल, रिंपल, रीतुबाला, सीमारानी, नरेंद्र कौर, रेणु, ब्रह्मा, राजेश, हरविंदर, सुनील, योगेन्द्र, रश्मि आदि अध्यापकगण और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# रतिया में राम कथा का शुभारंभ

■ शहर में निकली कलश यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



**रतिया।** रामकथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

श्री पाश्र्व पदमावती शक्ति धाम सेवा समिति रतिया द्वारा श्री बालाजी महाराज के 20वें स्वयं प्रकट वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री पाश्र्व पद्मावती शक्ति धाम मॉडल टाउन में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 8 अगस्त को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के पहले दिन आज शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल द्वारा बालाजी का झंडा दिखाकर किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित केशव देव शर्मा ने बताया है कि पद्मावती धाम, मॉडल टाउन, रतिया में श्री रामायण जी की पूजा एवं कलश स्थापना की गई। श्रीराम कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से आयोजित की जाएगी। कथा वाचक आचार्य महेश कृष्णा श्री राम कथा श्रावण कर भक्तों को श्री राम भक्ति से निहाल करेंगे। इस अवसर पर कथा के यजमान उपेश कुमार, अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल, गिरधारी लाल सिंगला, संजीव गोयल, रविंद्र जिंदल, बबलू मित्तल, मोजी, राजेंद्र जैन सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे।

# मांगों को लेकर 5 अगस्त को भूना में करेंगे निर्माण मजदूर ब्लाक स्तरीय प्रदर्शन

*प्रदर्शन को सफल बनाने को बैठक में बनी रणनीति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



**भूना।** गांवों में मजदूर सभाओं को संबोधित करते भवन निर्माण कामगार यूनियन के पदाधिकारी।

श्रम कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के नाम पर पंजीकरण रद्द करने से निर्माण मजदूरों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। इसको लेकर निर्माण मजदूरों द्वारा 5 अगस्त को भूना में ब्लाक स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में निर्माण मजदूर भाग लेंगे।

यह बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व ब्लाक सचिव मुकेश कुमार डूल्ट ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मजदूर सभाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने गांव धोलू, टिब्बी, ढाणी डुल्ट, जांडली खुर्द आदि गांवों में निर्माण मजदूरों की बैठकें ली और प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। यूनियन के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व ब्लॉक सचिव मुकेश कुमार डुल्ट ने कहा कि सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार का हवाला देकर बोर्ड के सभी ऑनलाईन काम बंद कर दिये हैं, जिसके चलते पिछले दो माह से पास हुए सुविधा फार्मों की राशि को भी वैरिफिकेशन के नाम पर रोक दिया गया है। इससे साफ है कि सरकार निर्माण मजदूरों, कारीगरों के लम्बे संघर्ष के दम पर बनवाये गए श्रम कल्याण बोर्ड को ही बन्द करना चाहती है। बोर्ड का पोर्टल बन्द होने के चलते ना केवल सुविधाओं पर रोक लग गई है बल्कि नया पंजीकरण भी बन्द हो गया है। अनेजा ने कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार अपने चहेते दलालों एवं भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिए मजदूरों को बलि का बकरा बना रही है। यूनियन की मांग हैं कि बंद किए गए पंजीकरण दोबारा से खोले जाए, रोकी गई सुविधा राशि जारी करवाई जाए, बोर्ड में कर्मचारी और अधिकारियों की भर्ती करके बोर्ड का स्वतंत्र ढांचा खड़ा किया जाए, 90 दिन के काम की वेरिफिकेशन का अधिकारी यूनियनों को दिया जाए। बेईमानी शर्ते लगाकर रद्द किए गए लाभ के फॉर्म बहाल करके मजदूरों को उनका लाभ दिया जाए, फैमिली आईडी के नाम पर मजदूरों को प्रताड़ित करना बंद किया जाए, कैंप लगाकर प्रवासी मजदूरों सहित सभी मजदूरों का पंजीकरण किया जाए, जिला सत्र पर वेरिफिकेशन के लिए यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल किया जाए। सुरजीत सिंह, मान सिंह, सूरजभान, बाबूलाल आदि रहे।



**फतेहाबाद।** करंट लगने से गाय की मौत। फोटो : हरिभूमि

# बिजली निगम की लापरवाही, बारिश के दौरान करंट लगने से गाय की मौत

**फतेहाबाद।** बिजली निगम की लापरवाही के कारण शुक्रवार को एक गाय की करंट लगने से मौत हो गई। शहर के बीघड़ रोड पर अलसुबह बारिश के दौरान गाय को करंट लग गया, जिससे गाय की मौत हो गई। सुबह जब लोगों ने ट्रांसफॉर्मर के पास गाय को मृत अवस्था में देखा तो उनमें रोष फैल गया और गुस्साए लोगों ने बिजली निगम प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। वहीं इस मामले में बिजली निगम के अधिकारी ने जांच करवाने की बात कही है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार निगम अधिकारियों को जानकारी दी गई थी कि बीघड़ रोड पर खुले तार और करंट फैलने की समस्या बनी हुई है, मगर, बिजली निगम अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। इससे पहले भी यहां करंट से ही गाय की मौत हुई थी। हादसे के बाद इलाके के लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। लोगों ने बताया कि यहां सडक पर एक साइड से दूसरी तक तार बिछाए गए हैं। इन तारों के कारण बारिश के दिनों में पानी भरते ही करंट फैलने लगता है। इससे पहले भी यहां इसी तरह करंट लगने से एक गाय की मौत हुई थी। अब दूसरी गाय को करंट लगा है, जिससे उसकी भी मौत हो गई है। लोगों ने कहा कि यहां सडक किनारे लगे ट्रांसफॉर्मर के पास भी तार खुले पड़े हैं। ट्रांसफॉर्मर के नीचे के बॉक्स तक भी जलभराव होने से पानी भर जाता है, इसलिए बिजली निगम प्रबंधन को यहां स्थिति में सुधार करना चाहिए।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में टोहाना में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



**टोहाना।** विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने चंडीगढ़ रोड स्थित 33 केवी बिजली घर में विरोध प्रदर्शन किया। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने और नई पेंशन स्कीम के विरोध में एक घंटे का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एसडीओ सिटी टोहाना और सब अर्बन के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान सुरेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन कैशियर वीरपाल ने किया।

बैठक में यूनिट अध्यक्ष बंशीलाल और पूर्व सब यूनिट प्रधान ईश्वर सिंह समेत कई कर्मचारी नेता मौजूद थे। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार और निगम प्रबंधन द्वारा लागू की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों के लिए घातक है। उन्होंने बताया कि इस पॉलिसी के लागू होने से फील्ड कर्मचारियों पर जान का खतरा बढ़ जाएगा। उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और वर्क लोड भी बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में भी फील्ड में कर्मचारी बिजली दुर्घटनाओं का शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ऐसे हादसों के बाद कर्मचारियों के परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाता है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस पॉलिसी पर पुनर्विचार करते हुए इसे बंद किया जाए। साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार नई पेंशन स्कीम वापस लेकर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आगामी समय में आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसमें बिजली बोर्ड के सभी कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर अजीत जेई, लाइनमैन सूरजमल, शमशेर, कर्मवीर, संजय, अजीत, कुलदीप, सुरेश, अमरजीत, सुनील, अमरीक और नक्षत्र सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।



**सिरसा।** प्रभावित फसलों का जायजा लेते जेजेपी नेता अजय चौटाला।

# बरसाती पानी से डूबी फसलों का जेजेपी नेता अजय चौटाला ने लिया जायजा

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों के साथ सिरसा जिला के ऐलनाबाद हलके के गांव शाहपुरिया, शक्करमंदौरी, रूपाणा जाटान रूपाणा बिश्नोइयां आदि में बरसाती पानी के कारण प्रभावित हुई फसलों का जायजा लिया और किसानों से मिलकर हालात जानें। किसानों की नरमा कपास की फसलों में जलभराव की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए अजय चौटाला ने राज्य सरकार से अविलंब सिरसा जिला में प्रभावित हुई नरमा कपास की फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों के खातों में 60 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा राशि देने की मांग की। चौटाला ने कहा कि हिसार घग्घर ड्रेरन में भी पानी का स्तर बढ़ा हुआ है और यदि यह ओवरफ्लो हो गई तो समीपवर्ती करीब 25 गांवों के किसानों की फसलों व मकानों पर मार पड़ेगी, इसलिए राज्य सरकार को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करते हुए इसका स्थाई समाधान खोजना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समय पर हिसार घग्घर ड्रेरन की सफाई व उचित रखरखाव किया गया होता तो ये नौबत न आती और पानी का जमाव न होता। अजय चौटाला ने कहा कि पिछले बार भी जब सिरसा जिला में बरसाती पानी के कारण फसलें डूबी थी तो तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अस्थाई तौर पर खेतों में पंपसैट लगाकर खेतों से पानी निकलवाकर फसलों की सुरक्षा की थी।

## एएसआई बने विनय कुमार, एसपी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं



**फतेहाबाद।** पदोन्नत एएसआई विनय कुमार को स्टार लगाकर बधाई देते एसपी।

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आज अपने कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान हेड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत हुए विनय कुमार को उनके कंधे पर स्टार लगाकर औपचारिक रूप से पदोन्नति की बधाई दी। इस अवसर पर स्टेनो सोनू भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्वयं विनय कुमार को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिद्धांत जैन ने विनय कुमार की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि विभाग को ऐसे कर्मठ, ईमानदार और समर्पित अधिकारियों पर गर्व है। उन्होंने विश्वास जताया कि विनय कुमार अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और उत्साह के साथ करेंगे।

**कार्यक्रम** कारगिल विजय दिवस पर सीडीएलयू में हुआ कार्यक्रम

# तकनीक का सदुपयोग करें, नशे की संस्कृति से बचें : कुलपति

■ जम्मू कश्मीर स्टडी सेंटर हरियाणा की एक डॉक्यूमेंट्री का मंचन भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते कुलपति।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन टैगोर एक्सटेंशन लेक्चर थिएटर में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यबोध, सामाजिक चेतना और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करना था। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा तथा जम्मू कश्मीर स्टडी सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के एनसीसी विंग, युवा कल्याण निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय तथा एनईपी सेल के सामूहिक प्रयास से किया गया। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर स्टडी सेंटर हरियाणा की एक डॉक्यूमेंट्री का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद हुए सतपाल सिंह की धर्मपत्नी सुमित्रा एवं शहीद हुए कृष्ण कुमार की धर्मपत्नी संतोष व पारिवारिक सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। शहीद सतपाल सिंह गोरखपुर वासी थे तथा शहीद कृष्ण कुमार तरकांवाली गांव के रहने वाले थे।कुलपति विजय कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक एक सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका विवेकपूर्ण प्रयोग ही इसे सार्थक बनाता है। उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी कायदा है, लेकिन यह तभी उपयोगी है जब इसका उपयोग लक्ष्य की प्राप्ति में हो, न कि व्यर्थ के आकर्षणों में उलझने के लिए।

#### नशा अभियान में सहयोग की अपील

प्रो. कुमार ने शेक्षणिक संस्थानों में बढ़ती नॉन-अटेंडिंग कल्चर और नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छात्रों को आत्म-विकास का रास्ता अपना कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कुलगुरु ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों से नशा विरोधी अभियान में सहभागी बनने की अपील की और रक्षाबंधन के अवसर पर यह संकल्प लेने को कहा कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

## एजुकेशनल कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की बैठक, राजन कक्कड़ बने अध्यक्ष



**रतिया।** राजन कक्कड़, जसकरण हुंडल व डॉ. गुरविंद्र सिंह।

**रतिया।** एजुकेशनल कंसल्टेंट्स एसोसिएशन रतिया की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति का गठन किया गया, जिसमें राजन कक्कड़ को अध्यक्ष, जसकरण हुंदल को सचिव, डॉ. गुरविंद्र सिंह को एडिशनल सैक्ट्री, रमणीक गर्ग को कैशियर और राजदीप संधू को अतिरिक्त कैशियर नियुक्त किया गया है। मनदीप संधू और प्रदीप सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अनीश चोपड़ा, विक्रमजीत सिंह, गौरव अरोड़ा और लवप्रीत सिंह सलाहकार समिति में शामिल किया गया। अमन वधवा, कीर्ति वधवा और हरमनदीप सिंह कानूनी सलाहकार बोर्ड का हिस्सा होंगे। मोहित भटेजा और कुणाल मेहता प्रेस सचिव, दविंद्र शर्मा, नवजोत सिंह, अमृतपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, चरण, प्रवीन और हृदये कार्यक्रम आयोजक होंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा, उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वह खरा उतरेंगे और एसोसिएशन के सदस्यों के हित में काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**फतेहाबाद।** अनाजमण्डी स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 2 अगस्त को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प की अध्यक्षता अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव नेहा मित्तल करेंगी। इस कैम्प में शूगर, बीपी, रक्त की जांच की जाएगी तथा निशुल्क दवाईयां भी वितरित की जाएंगी।

### आईटी नियुक्तियों से संगठन होगा मजबूत

**सिरसा।** संगठन पर्व के तहत नियुक्तियों की श्रृंखला के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट ने जिला आई टी सह-प्रमुख व विधानसभा अनुसार आईटी टोली सदस्यों की नियुक्तियां की है। उन्होंने टीकम चंद चोटिया, पूर्णिमा महिवाल, मनी कालड़ा, गगनदीप सिंह को जिला आईटी सह-प्रमुख नियुक्त किया है। इसी प्रकार रानियां विधानसभा से लखविंद्र सिंह व राजेश छापोला को, सिरसा विधानसभा से पुनीत बांसल व सुरेन्द्र कंबोज व अन्य को नियुक्त किया है।

### सिरसा में शनि अमावस्या उत्सव 23 को

**सिरसा।** श्री शनिदेव मंदिर चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव, चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि जीवों को उनके अच्छे बुरे कर्मों के अनुसार फल प्रदान करने वाले भाग्यविधाता, नवग्रहों के राजा भगवान शनिदेव की कृपा दृष्टि पाने और साढ़ेसत्ती व ढैय्या इत्यादि दशाओं के कोप को कम करने के लिए शनिवारी अमावस्या का विशेष महत्व होता है। इस बार शनिवार अमावस्या आगामी 23 अगस्त को है।

### 30 तक चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो अगस्त से 30 सितंबर तक जन जागरूकता अभियान मीडिएशन फॉर द नेशन शुरू किया जा रहा है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि मीडिएशन फॉर दा नेशन का मुख्य उद्देश्य वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देना, सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मीडिएशन सेंटरों तथा अन्य वैकल्पिक साधनों द्वारा लोगों तक भारतीय न्यायिक तंत्र को मजबूत करने के लिए लाभ पहुंचाना है।

### समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को लघुसचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम में समाधान शिविरों में आई शिकायतों के समाधान बारे समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविरों में आई समस्याओं व शिकायतों को प्राथमिकता से समाधान करने बारे दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जोकि आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बना है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## निकासी न होने से लोगों की परेशानी बढ़ी, स्कूली बच्चे परेशान

# टोहाना में बरसात से आफत, दीवार पर चढ़कर स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी में बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा हैं। बारिश होने पर स्कूल के सामने दो फीट तक पानी जमा हो जाता है। इससे बचने के लिए बच्चों को स्कूल की दीवार पर चढ़कर और फिर पिलर से फिसलकर नीचे उतरना पड़ता है। इस दौरान कभी भी दुर्घटना हो सकती है, लगभग 15 दिन पहले भी बारिश के दिन बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा था, लेकिन प्रशासन ने अब तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। स्कूली बच्चे के अभिभावक रमेश, विनोद व सुरेश ने बताया कि बारिश के दिनों में स्कूल के बाहर जमा पानी से बचने के लिए बच्चों को मजबूरन दीवारों पर चढ़कर स्कूल आना पड़ता है। हर बार बारिश के मौसम से पहले प्रशासन से इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई जाती है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। कई बार तो बच्चों को स्कूल में भेजने से भी डर लगता है क्योंकि बारिश के पानी से निकलने के कारण बीमारियों का भय बना रहता है।

- अभिभावकों की स्कूल के पास जलभराव की तुरंत निकासी की मांग




**टोहाना।** पानी से निकलते स्कूली बच्चे व दीवार पर चलकर जाते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे लाइन क्रॉस करना भी बड़ी समस्या

इस स्कूल में आने के लिए वार्ड एक, वार्ड दो व वार्ड 23 के बच्चों को रेलवे लाइन क्रॉस करके आना पड़ता है जिससे उस समय भी कोई हादसा हो सकता है। इंदिरा कॉलोनी में बने स्कूल को शिक्षा विभाग द्वारा कंडम घोषित करने के बाद तोड दिया था जिसके चलते वहां के बच्चों को इस स्कूल में आना पड़ता है। इस स्कूल को दो शिफ्ट में लगाया जाता है जिसमें सुबह के समय कक्षा छठी से बारहवीं तक जबकि दोपहर बाद कक्षा एक से कक्षा पांच तक के बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल में आते है। सुबह के समय आने वाले बच्चों को तो उनके माता पिता स्कूल छोड़ जाते है जबकि दोपहर के समय आने वाले छोटे बच्चों के माता पिता काम पर चले जाते है। इन बच्चों को जान जोखिम में डालकर आना पड़ता है। वे स्कूल का समय में बदलाव को लेकर कई बाहर गुहार लगा चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### चेंबर के लेवल ऊंचे होने से परेशानी बढ़ी

राजकीय स्कूल के बाहर बारिश के पानी की निकासी के लिए दो पानी निकासी के चेंबर बनाए गए हैं, लेकिन दोनों का लेवल सडक के लेवल से ऊंचा होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। इससे पानी पूरा दिन जमा रहता है जिसके चलते बच्चे पानी से निकलकर स्कूल तक पहुंच जाते है।

### अधिकारी को जानकारी भेजी, बच्चे स्कूल आने से कतरा रहे

विशेष बात यह है कि इस स्कूल के प्रिंसिपल सत्यपाल फोगाट के पास टोहाना ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी का चार्ज भी है। जब खंड शिक्षा अधिकारी के अपने स्कूल की यह स्थिति है, तो अन्य स्कूलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। अभिभावकों में प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। जब इस बारे में प्राइमरी स्कूल प्रिंसिपल सुभाष कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि इस समस्या बारे संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया है लेकिन कोई हल नहीं हुआ हैं जिसके चलते अभिभावक अपने बच्चों को बारिश के दिनों में स्कूल भेजने से भी कतराते है।

### जल्द करवा देंगे समस्या का समाधान

खंड शिक्षा अधिकारी और स्कूल इंचार्ज सत्यपाल फोगाट से जब बात की तो उन्होंने कहा कि जल्द इस समस्या का स्थाई हल करवा दिया जाएगा, किसी बच्चे को परेशान होने नहीं दिया जाएगा।



**फतेहाबाद।** बीएड कॉलेज में हवन में भाग लेते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

## एमएम शिक्षण महाविद्यालय में हवन के साथ सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में बीएबीएड के नये सत्र का शुभारंभ आज हवन यज्ञ के साथ किया गया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज के अलावा कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने हवन में भाग लिया और पवित्र अग्नि में आहूति डाली।

इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या ने सभी को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और छात्रों से लगन और मेहनत से पढ़ाई करने का आग्रह किया। हवन के बाद, नए छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में, कॉलेज के नियमों, शैक्षणिक गतिविधियों, और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण से परिचित कराया गया और उन्हें पढ़ाई में सफलता के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

### उत्साह बढ़ाया

डॉ. गुंजन बजाज ने विद्यार्थियों को बीएबीएड कोर्स करने के बाद विद्यार्थी किस-किस फील्ड में जाकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं, के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महाविद्यालय में करवाए जा रहे बीएड, बीएबीएड और डीएलएड कोर्स के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। महाविद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण, कॉलेज मैगजीन, क्लब व एसोसिएशन, इंटर्नशिप व प्रैक्टिकल, टीचिंग प्रैक्टिस, प्रोग्राम लर्निंग आउटकम व कोर्स लर्निंग आउटकम बारे विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा बीएड पाठ्यक्रम, एग्जाम, सांस्कृतिक व सह-पाठ्यगामी गतिविधियों, लाइब्रेरी, एनएसएस, स्पोर्ट्स, फीस व बस पास जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, बीएड कॉलेज के उपप्रधान संजीव बत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करें

- प्राथमिक शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिलेभर के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शुक्रवार को पेंशन बहाली संघर्ष के आह्वान पर काले बिल्ले लगाकर काम किया वहीं जिला स्तर पर रोष प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, अध्यापकों ने भाग लिया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आहवान पर आज काली पट्टी बांधकर रोष प्रदर्शन किया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिला फतेहाबाद के प्रधान योगेंद्र वर्मा, महासचिव अनूप गोरा, पूर्व जिला प्रधान विकास टुटेजा, जिला कोषाध्यक्ष पवन चमार खेड़ा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भजनलाल कंबोज, जिला संयोजक धर्मपाल किरोड़ी, महिला उप प्रधान सुनीता देवी, सुनीता सिहाग, खंड भुना प्रधान सुभाष सहरावत, खंड भट्टू प्रधान अजीत छाबा, खंड टोहाना प्रधान गुरनाम सिंह, खंड फतेहाबाद प्रधान अशोक कुमार, खंड जाखल प्रधान नरेश शर्मा एवं खंड रतिया प्रधान पवन पचार ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रदर्शन की अगुवाई की। जिला प्रधान योगेन्द्र वर्मा ने कहा कि नई पेंशन स्कीम अथवा सरकार के द्वारा घोषित की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर रोष जताया जाएगा।



**फतेहाबाद।** स्कूलों में काली पट्टी बांधकर रोष जताते प्राथमिक शिक्षक।

### प्रदेश के स्कूलों की हालत जर्जर: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बदहाल तस्वीरें आज पूरे प्रदेश के जनमानस को झकझोर रही हैं। छतों से टपकता पानी, दरकती दीवारें, दीमक से खोखले हो चुके दरवाजे और फर्श पर बैठकर पढने को मजबूर बच्चे, ऐसे हालात किसी दूरदराज के परित्यक्त भवन के नहीं, बल्कि प्रदेश के मॉडल कहे जाने वाले सरकारी स्कूलों का है। भाजपा सरकार को राजस्थान के झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद सबक लेते हुए सभी जर्जर स्कूल भवनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए या उन्हें नए भवनों में स्थानांतरित किया जाए। सांसद सैलजा ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश के सभी जर्जर स्कूल भवनों की हालात पर गहरा दुःख और रोष व्यक्त किया।

## खेलकूद में साहूवाला का दबदबा

- खंड स्तरीय स्कूल खेल में साहूवाला द्वितीय स्कूल की छात्राएं छाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

खंड स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय कैंरावाली में किया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहूवाला द्वितीय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अंडर-19 और अंडर-17 दोनों श्रेणियों में खंड स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस मेहनत और समर्पण ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके अलावा, 4 गुना 100 मीटर रिले दौड़ में भी छात्राओं ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता में भी विद्यालय की प्रतिभा देखने को मिली, जहां अंडर-19 में छात्रा जन्नत और अंडर-17 में छात्रा भूमि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की जीत में योगदान दिया। हैंडबॉल में भी विद्यालय ने अपना वर्चस्व कायम रखा। जिला स्तरीय हैंडबॉल टीम में विद्यालय की 15 छात्राओं का चयन होना गौरव की बात है, जो उनके उत्कृष्ट कौशल का प्रमाण है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मंजू पूनिया ने समस्त स्टाफ व छात्राओं को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक डीपीई जोगिंदर सिंह और पीटीआई भगवान के मार्गदर्शन को सराहा।



**सिरसा।** प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

## बीईओ ने किया अयाल्की के सरकारी स्कूल का निरीक्षण



फतेहाबाद। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने आज गांव अयाल्की स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। सुबह प्रार्थना में पहुंचे शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से बातचीत की। उन्होंने प्रार्थना में बच्चों की उपस्थिति, प्रार्थना कार्यक्रम की प्रस्तुति का अवलोकन किया। तत्पश्चात सभी कक्षाओं का विषयवार अब तक करवाए गए सलेबस का भी अवलोकन किया। बच्चों के संतोषजनक जवाब पर अध्यापक व बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा की व जीवन में आगे बढने के लिए अपने अनुभव को सांझा किया। मध्यांतर भोजन को बनते हुए व रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल की साफ-सफाई, बच्चों की पढ़ाई व मध्यांतर भोजन की उचित व्यवस्था के लिए प्राचार्य सुभाष टुटेजा की सराहना की।

## 'कथा को पियो, कथानुसार जीओ'

- श्री गीता भवन मॉडल टाऊन फतेहाबाद में दो दिवसीय सद्गुरू पादुका पूजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मॉडल टाऊन स्थित श्री गीता भवन में दो दिवसीय सद्गुरू पादुका पूजन महोत्सव का आज शुभारंभ गुरूदेव डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर प्रवचन करते हुए स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि कथा-कहानियां नहीं होती, महापुरुषों की अनुभवी वाणियां होती हैं। यह दिव्य जीवन बनाती हैं, हां यदि ये कथा किन्हीं अनुभवी दिव्य महापुरुषों से सुनी जाए, तभी लाभ होगा। केवल सुरीला गला या मनोरंजन ही पर्याप्त नहीं है। कथा को तो पीया जाता है, कथा में जीया जाता है। उन्होंने कहा कि आज सद्गुरू की वाणी सुनते तो बहुत हैं किंतु उसके अनुसार आचरण नहीं करते। यदि सुनने भी जाते हैं तो सुधरने के लिए नहीं, पुण्य होता है ऐसा सुन रखा है, वही पुण्य कमाने चले जाते हैं या फिर व्यवहार निभाने के लिए जाते हैं। समिति वाले बुलाने आए थे, एक दिन थोड़ी देर के लिए हो आएं, इतनी कथाएं, फिर भी लाभ नहीं और सब परमलाभ की बातें करते हैं। स्वामी दिव्यानंद ने कहा कि सत्संग कथा से बुद्धि के भ्रम दूर होने चाहिए।



**फतेहाबाद।** सद्गुरू पादुका पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

## शिक्षा में अभिभावकों व देश का नाम रोशन करें युवा: राहुल

**सिरसा।** डी लैंग्वेज स्टूडियो (जर्मन भाषा संस्थान) की ओर से युवाओं के लिए एक सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता जर्मनी के सांसद राहुल कुमार ने शिरकत की। राहुल कुमार कंबोज ने कहा कि वर्तमान की भागदौड़ भरी जिंदगी में अभिभावकों के पास इतना समय नहीं है कि वो अपने बच्चों के बारे में कुछ भी जान सके। अभिभावकों की यही बेरूखी युवाओं पर भारी पड़ रही है, जिसके कारण उन्हें सही दिशा नहीं मिल पाती और वे अपनी मनचाही मंजिल को पाने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वो अपने बच्चों की बातों गौर से समय निकालकर सुनें। यह जानने की कोशिश करें कि उनका बच्चा क्या करना चाहता है, वह किस फील्ड में रूचि रखता है, वह क्या बनना चाहता है आदि। जबरदस्ती या देखा-देखी बच्चे पर कुछ भी न थोपें, जिससे की बच्चे की रूचि खत्म हो जाए और वो अपने आप को असहाय महसूस करे।




**सिरसा।** जर्मनी के सांसद राहुल कुमार सेमिनार को संबोधित करते हुए।

## रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने बेरोजगार युवाओं को रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि अंकुश पुत्र कर्म सिंह निवासी चतरगढ़पट्टी की शिकायत के आधार पर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अंकुश ने शिकायत में बताया कि आरोपी जयबीर नागर, राजकुमार, कार्तिक, हर्ष, निशांत व निधि ने मिलकर उसे रेलवे में गुरप-सी की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और साढ़े छह लाख की ठगी की। आरोपियों ने नकली दस्तावेज बनवाकर दिल्ली, सिरसा व जींद बुलाकर नकद व बैंक खातों के माध्यम से रुपए हड़पे। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी राजकुमार पुत्र सोहन लाल व जयबीर नागर पुत्र सोहन लाल निवासी पन्नीवाला मोटा को गिरफ्तार किया व आरोपी का तीन दिन पुलिस हिरासत प्राप्त की गई व न्यायिक हिरासत मे भेजा जा चुका है। सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव बैरवाला खुर्द थाना ऐलनाबाद जिला सिरसा को को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोनू के कब्जे से 5000 की नकदी भी बरामद हुई है। उसने पूछताछ में सोनू ने खुलासा किया कि उसके सामने जयबीर ने बलबीर सिंह उर्फ भुकन को 60,000 नकद दिए थे। अन्य आरोपियो के ठिकानो पर दबिश जारी है।

**खेल प्रतिभा** | इंग्लैंड में मचाई धूम, भारत के अंडर-19 स्कवैड में रहे बेस्ट ऑलराउंडर

# क्रिकेटर कनिष्क चौहान का इंग्लैंड से लौटने पर सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन ने किया नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा जैसे छोटे से शहर से उठकर अपनी प्रतिभा और एकाग्रता के माध्यम से इंग्लैंड के खिलाफ भारत की अंडर-19 टीम में अपने बेहतर प्रदर्शन के चलते बेस्ट ऑलराउंडर ऑफ द सीरिज रहे कनिष्क चौहान का शुक्रवार को सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले अभिनंदन किया गया। भारत के इस युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कनिष्क चौहान का सिरसा लौटने पर सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिलेभर से सैकड़ों युवा क्रिकेटर्स ने अपनी प्रेरणा बने कनिष्क चौहान की झलक पाकर गौरव अनुभव किया। कनिष्क चौहान का अभिनंदन फूलों की बरसात से हुआ, जिसके लिए इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने सभी खिलाडि़यों, अपने प्रशिक्षकों व विशेष रूप से जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बेनीवाल का आभार जताया।



**सिरसा।** क्रिकेटर कनिष्क चौहान को सम्मानित करते सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभाशाली खिलाड़ी

सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बहुत आरंभ में ही उन्होंने अपने सहयोगी प्रशिक्षकों जसकरण सिंह व विजय के साथ इस युवा खिलाड़ी के हुनर पर बारीकी से नजर बनाए रखी और उसे आगे निकलने में वो हरसंभव मौका दिया जो किसी भी खिलाड़ी के लिए अपेक्षित होता है। डॉ. वेद बेनीवाल ने कहा कि इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा, लग्न और एकाग्रता से ही देशभर के हजारों युवा खिलाड़ियों में अपने लिए इंग्लैंड गई भारत के अंडर-19 स्कवैड में अपना स्थान बनाया।

### एसो. का आभार जताया

क्रिकेटर कनिष्क चौहान ने अपनी कामयाबी के पीछे हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिरुद्ध चौधरी, डॉ. वेद बेनीवाल, अपने दोनों प्रशिक्षकों जसकरण सिंह, विजय कुमार, मुख्य प्रबंधन में शरीक रहे चरणजीत सिंह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपरोक्त सभी ने उसे केवल लक्ष्य पर एकाग्र होकर कड़ी मेहनत करने का जो गुण दिया था, उसी का परिणाम है कि वे इंग्लेंड में भारत के लिए बेहतर कर पाए। अब वे आगामी 21 सितंबर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक ऑस्ट्रेलिया जाने वाली अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होंगे।